भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

17.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4001 का उत्तर

रेल सेवा बंद किया जाना

4001. श्रीमती केशरी देवी पटेलः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का दिल्ली-इलाहाबाद दुरंतो एक्सप्रेस की सेवा बंद करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या उक्त कदम से प्रयागराज और निकट जिलों के यात्रियों के समक्ष आने वाली परेशानियों का आंकलन किया गया है जिससे इलाहाबाद और नई दिल्ली के बीच चलने वाली रेलगाड़ियों पर उनका बोझ भी बढ़ेगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस संबंध में कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है;

(ङ) यदि हां, तो क्या सरकार इस रेलगाड़ी की सेवा बंद करने के अपने निर्णय पर पुनर्विचार करेगी; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (च): 12275/12276 नई दिल्ली-इलाहाबाद दूरंतो एक्सप्रेस (सप्ताह में तीन दिन) की सेवाओं को नई दिल्ली-इलाहाबाद हमसफर एक्सप्रेस सप्ताह में चार दिन की सेवा के साथ बदलने का विनिश्चय किया गया है। अतः प्रति सप्ताह सेवाओं की संख्या में वृद्धि हुई है।

******

Sk